53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.5°c | अधिकतम 32.2 °c

# मुज़फ्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:25, सूर्यास्त - 7:22 | वर्ष : 53/ अंक : 185 | रविवार, 06 जुलाई 2025 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, एकादशी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4


**अमृतवाणी**

सुखद अनुभव के लिए भीड़ की जरूरत नहीं होती।

**यह मुज़फ्फ़रनगर है...**

अखिलेश यादव पर आपत्तिजनक टिप्पणी में छह सिपाहियों को सस्पेंड किया गया : फिरोजाबाद



गलत बातें करे कोई.... सजा उसको जरूरी है.....


Transform your DREAMS into REALITY @

# Shri Ram Group of Colleges

Parikrama Marg, Muzaffarnagar

Approvals | Affiliations

www.srgcmzn.com | src_mzn@rediffmail.com

UNIVERSITY GRANT COMMISSION – SHRI RAM COLLEGE, MUZAFFARNAGAR – A++ Grade Certified College by NAAC – UGC

## Benefits to Study @ SRGC

- Centre for Innovation, Fabrication and Entrepreneurship Development (CIFED) from ideation to product development through Innovation Cell -R&D Cell -Work Station - Incubation Cell-IPR Cell - Entrepreneurship Development Cell.
- Centre for Development of Robotics Technology (CDRT), AI-IOT and Machine Learning Labs for hands on practices in advance AI and Data Science technologies.
- Shri Ram Incubation Centre (SRIC) under Section 8 company for U P startups providing financial assistance & incubation to startups.
- Workshop, Research Projects and Establishment of Innovation Centre with the help of Massachusetts Institute of Technology, USA.
- Training Partners IBM for Skill Build Program, TCS for YEP, GFG - Students' Chapter.
- MOUs with NIIT, IOX Club of coding Ninja, Times Group of India, AiRo - OMNI, Tech-Expert etc for development of technical skills.
- Innovation Cell by Institution's Innovation Council (IIC) under Ministry of Education, Government of India.
- Centre of Excellence on IOT in association with Softpro India Comp. Techno. thru AKTU.
- Collaboration with Japan International Coorporation Agency (JICA) for establishment of Water Treatment Plant and transfer of Tafe Guard Technology.

## Performances & Recognitions of SRGC

- Highest number of Placements in session 2024-25.
- Highest Packages in prime MNCs of India and abroad.
- Highest number of Toppers/ Gold Medalists & Rank Holders in MSU.
- Highest number of Rank Holders in AKTU in the District.
- Highest no of participation awards in Centre for Advance Studies AKTU.
- Several National Awards such as - "Best Infrastructure Award" "Innovative Education Award" "National Education Award for Skill Development" "Education Excellency Award" "Top Private Engineering Institute in UP Award" "Best Practices in Education Award" "Best Innovation Award" "Innovative in Global Collaboration Learning Award" etc.

**For Admission Scan QR code**

or Register on www.srgcmzn.com by clicking the link

Apply for Registration: 2025-26

### Shri Ram Group of Colleges (IC)

BTech (CE, ME, EE, CSE, CSE (AI&ML), ECE)

BArch | MBA | MCA | DPharm

Polytechnic (CE, ME, EE)

### Shri Ram Polytechnic

Polytechnic (CE, ME, ME (Auto), EE, ECE, CSE)

ITI (Electrician, Fitter, Turner, Machinist, Welder, COPA, HSI, FDT)

### Shri Ram College of Pharmacy

BPharm | DPharm

### Shri Ram College of Law

BALLB | BComLLB | LLB

Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)

# Shri Ram College

First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh

## Benefits to Study in Autonomous College

- Flexible & Future Ready Next Generation Programmes.
- Redesigned Multistream Existing Courses as per NEP-2020.
- Internship & Apprenticeship Based Programmes with Collaboration of Industries.
- For Dual Program New Certificate & Diploma Courses Tailored as per need of Industries & Market.
- Dual Programmes with International & National Collaborations.
- Courses with Enhanced Employability and Job Prospects.
- Own Admission Portal. No involvement of the University.
- Hi-tech and Hybrid Mode Teaching Pedagogies.
- Industry-Institution-Interface Forum (I3F).
- Performance Based Transparent Assessment.
- On Time, Grievances free and Syllabus Aligned Exams.
- Declaration of Results in time and Transparent Evaluation Process.
- Industry & Market Ready Training with Excellent Placement.
- Mark Sheets and Certificate/ Diploma will be Issued by the College under its Seal and Degree by the Parent State University.

BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc- Agronomy, Agri Chemistry & Soil Sc | BSc- Phy, Chem, Mathematics, Zoology, Botany | MSc- Maths, Chemistry Zoology, Botany | BSc/ MSc- Biotech, Microbio | BSc- Clinical Nutrition & Dietetics | MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing &Textile | BAJMC | MAJMC | BPES | BPEd | MPEd | BEd | MEd

Apprenticeship Embedded Degree Programms (AEDP)- BCom - Banking, Financial Services & Insurance, BSc - Tourism & Hospitality Management

According to NEP 2020, by the year 2030, the ITEP will become the minimal degree qualification for school teachers

**ITEP** (Integrated Teacher Education Program)

**BABEd** @ Preschool/ Primary/ Secondary/ Senior Secondary Level

**BScBEd** @ Preschool/ Primary/ Secondary/ Senior Secondary Level

**BComBEd** @ Senior Secondary Level

Shri Ram College is the only college of Western UP having ITEP in all disciplines & levels

Certificate Courses * Professional Communication & Public Speaking * Computer Hardware & Networking * Landscaping & Ornamental Gardening * Protected Cultivation * Tally * Chemistry Laboratory Technique * Applied Physics for Renewable Energy System * Writing Skills for Modern Media * Bio-Entrepreneurship in Industrial Biotechnology & Microbiology * Beautician Course * Early Child Care & Education * Digital Marketing

Diploma * Journalism, Fashion Design * Jewelry Design * Nutrition & Dietetics * Sports Mgmt * Cyber Security & Digital Forensics * Data Analytics

P G Diploma * Educational Management & Administration

Advance Diploma * Software & Web Development

For SRGC Students One Certificate course is FREE and 75% Discount for additional Certificate and Diploma courses.

**For Admission Scan QR code**

or Register on www.srcmzn.com by clicking the link

Apply for Registration: 2025-26

**Note:** Being Autonomous College, Shri Ram College is not available at M S University Admission Portal

## For Further Information Please Contact @

Engg: 9927074735, 9927079966; Arch: 9917111139; Poly: 9837755504, 9917116655; Pharmacy: 8077494402; Mgmt: 8791037733; Law: 9927227744; Bioscience: 9456895886; Computer Application: 9358348700; Business Administration: 9927729646; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Agriculture: 9412192801; Fine Arts: 9719402220; Education: 8394930091, 8533001769; Physical Education: 7817861855; Journalism: 9927668855; Home Science & AEDP: 8800538281

Scholarship more than ₹ 10 Crores Available

53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन


सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 53/ अंक : 185 रविवार, 06 जुलाई 2025 आषाढ़, शुक्ल पक्ष, एकादशी सम्वत् 2082 मूल्य 3 रुपये



## नीरज चोपड़ा के नाम एनसी क्लासिक का खिताब, 86.18 मीटर थ्रो के साथ जीता स्वर्ण

नई दिल्ली, 05 जुलाई (एजेंसी)। नीरज चोपड़ा ने बंगलुरू में हुए एनसी क्लासिक टूनार्मेंट के पहले संस्करण में अपना जलवा बिखेरते हुए 86.18 मीटर थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीत लिया। भारतीय भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने 86.18 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ एनसी क्लासिक 2025 का खिताब जीत लिया। केन्या के जूलियस येगो ने चौथे प्रयास में 84.51 मीटर सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक अपने नाम किया। वहीं, श्रीलंका के रुमेश पथिरागे 80.10 मीटर सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ कांस्य पदक जीतने में कामयाब रहे।



# तेरह सवारियों से भरी ई- रिक्शा में शराबी डम्फर चालक ने मारी टक्कर, मां-बेटे की दर्दनाक मौत

**बुढ़ाना, 05 जुलाई (बु.)।** बुढ़ाना में उस समय एक दर्दनाक हादसा सामने आया और इस हादसे में पुलिस प्रशासन के नियम कानूनों की पोल खोलकर रख दी। एक ओर जहां यह दर्दनाक हादसा लोगों ने देखा नहीं गया वहीं दूसरी ओर यह भी चर्चा हुई कि एक ई रिक्शा में 13 लोग कैसे सवार हो सकते हैं। क्या पुलिस सिर्फ पैसा वसूलने को बैठी है और आंखे बंद कर ऐसे दृश्यों को नजरअंदाज कर रही है जो जानलेवा साबित हो रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के खतौली तिराहे पर शाम के समय एक अनियंत्रित डम्फर चालक ने 13 सवारियों से भरी एक ई-रिक्शा में तेज रफ्तार के साथ टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि टक्कर के बाद जब एक महिला चांदबीरी व उसका 3 वर्षीय पुत्र सड़क पर गिर गए तो डम्फर का पहिया उनके ऊपर से उतर गया और पूरे शरीर की ना देखने लायक हालत हो गयी। क्योंकि शरीर के टुकड़े इधर-उधर बिखर गये थे और आधे से अधिक शरीर ऐसा लगा मानो जैसे सड़क पर चिपक गया हो। दरअसल ई-रिक्शा पर सवार होकर 13 लोग गांव उमरपुर से बुढ़ाना की ओर जा रहे थे, जिसमें उमरपुर 25 वर्षीय आरिफ कुरैशी आज शनिवार के दिन अपनी 23 वर्षीया पत्नी चांदबीबी और 03 वर्षीय पुत्र अली के साथ अपनी साली रानी कुरैशी पत्नी गुलफाम निवासी सफीपुर पट्टी बुढ़ाना के घर पर ई-रिक्शा में बैठकर आ रहा था। ई-रिक्शा में 40 वर्षीय वसीम पुत्र नसीम निवासी शाहपुर, 55 वर्षीया शहनाज पत्नी नसीम, 04 वर्षीय ईशान, जुनैद और 08 वर्षीय शहजान पुत्रगण वसीम, नबिया पुत्री इमरान निवासी बुढ़ाना, खुशनसीब पत्नी नसीर, 55 वर्षीया ओमवती निवासी गांव कुरालसी, मुन्नी निवासी कस्बा थानाभवन जिला शामली और इमरान निवासी लुहसाना रोड बुढ़ाना भी सवार थे। दुर्घटना के तुरन्त बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गयी और दर्दनाक हादसे को देख लोगों ने उधर कुछ लोगों ने ई-रिक्शा में सभी सवार लोगों को क्षतिग्रस्त ई-रिक्शा से बाहर निकालना शुरू कर दिया, तो कुछ लोगों ने भागदौड़ करके खतौली रोड की तरफ भाग रहे डम्फर के चालक को पकड़ लिया और मारपीट करते हुए मौके पर आई पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने सभी घायल लोगों को आते-जाते वाहनों के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में भर्ती कराया, जहां पर चिकित्सकों ने चांदबीबी और उसके पुत्र अली को मृत घोषित कर दिया वहीं गंभीर रूप से घायल चांद बीबी के पति आरिफ को मुजफ्फरनगर के लिए रैफर कर दिया। अभी कई लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है।





### डेढ़ घंटे बाद आई एम्बुलेंस....

**बुढ़ाना, 05 जुलाई (बु.)।** जिस वक्त उमरपुर पुलिस चौकी के प्रभारी सुरेंद्र राव सभी घायलों को सीएचसी लाए, तो वहां पर कोई भी एंबुलेंस पूर्व की भांति मौके पर खड़ी हुई नहीं मिली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्वास्थ्य विभाग घायलों से पल्ला झाड़ते रहे और घायल स्ट्रेचर पर पड़े तड़पते रहे। घायलों और मृतकों के परिजन सीएचसी में चीखते और चिल्लाते रहे कि एंबुलेंस ले आओ, ये मर जाएंगे पर किसी भी स्वास्थ्यकर्मी का दिल नहीं पसीजा। इतनी बड़ी घटना होने के बाद भी सीएचसी प्रभारी डॉ. अर्जुन सिंह दूर-दूर तक नजर नहीं आए, तब मौके पर बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह और कोतवाल आनंद देव मिश्र पहुंचे और उनको मालूम हुआ कि एंबुलेंस नहीं है, तब उन्होंने एक प्राइवेट एंबुलेंस मंगाकर गंभीर रूप से घायल आरिफ को जिला चिकित्सालय के लिए रैफर करवाया, जबकि सरकारी एंबुलेंस नहीं आई। कुल मिलाकर सीएचसी में पहले की तरह बहुत ही लचर व्यवस्था देखने को मिली। स्वास्थ्यकर्मी घायलों के परिजनों को डेढ़ घंटे तक ये ही कहते रहे कि प्राइवेट कार मंगा लो और घायलों को यहां से ले जाओ। इसी बात को सुनकर मृतका और घायलों के परिजनों ने सीएचसी पर जमकर हंगामा काटा और महिलाएं खूब चिल्लाई, तो मीडिया ने महिलाओं की चीख-पुकार को कैमरों में कैद कर लिया।

### जब घटनास्थल पर पहुंचे शाहपुर चेयरमैन..

**बुढ़ाना, 05 जुलाई (बु.)।** घटना की सूचना जब शाहपुर नगर पंचायत के चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी को मिली, तो वे भी घटनास्थल को होते हुए सीएचसी बुढ़ाना पहुंचे और सीएचसी की लचर व्यवस्था को देखकर नाराजगी जताई। इस दौरान सीएचसी में तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव और नायब तहसीलदार अमन कुमार भी पहुंच गये थे।

### जब एंबुलेंस चालक ने रोड पर खड़ी की एंबुलेंस....

**बुढ़ाना, 05 जुलाई (बु.)।** गंभीर रुप से घायल आरिफ पहले तो कुछ देर घटनास्थल पर तड़पा, फिर डेढ़ घंटे तक सीएचसी में कराहता रहा, रही सही कसर प्राइवेट एंबुलेंस चालक ने सीएचसी से कुछ ही दूरी पर कांधला रोड पर एंबुलेंस यह कहकर खड़ी कर दी कि जब तक उसको दो हजार रुपये नहीं मिलेंगे, तब तक वह जिला चिकित्सालय नहीं जाएगा, तब कोतवाल आनंद देव मिश्र ने चालक को धमकाते हुए उसको दो हजार रुपये दिए और एंबुलेंस स्टार्ट करवाई। एंबुलेंस चालक यहां आधा घंटा खड़ा रहा और इसी दौरान लंबा जाम लग गया।

### शामली में भीषण सड़क हादसा: पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत

**झिंझाना, 05 जुलाई (एजेंसी)।** थाना क्षेत्र में मेरठ करनाल हाईवे पर वेदखेड़ी चौराहे पर तेज रफ्तार ट्रक ने बुलेट सवार बीडीसी कौसर (40) और उसके बेटे फरहान (6) को पीछे से टक्कर मार दी और कुचल दिया। हादसे में पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद परिजनों में गम का माहौल है और गांव में मातम छा गया। शुक्रवार की शाम गांव तिसंग निवासी बीडीसी कौसर अपने पुत्र फरहान के साथ बुलेट पर कस्बा झिंझाना में किसी काम से आया था। झिंझाना में अपना काम खत्म करने के बाद देर रात पिता-पुत्र दोनों बुलेट से वापस अपने गांव लौट रहे थे। जब वे मेरठ-करनाल हाईवे पर वेदखेड़ी तिराहा मोड़ के निकट पहुंचे तो पीछे से शामली की तरफ से तेजी से आ रहे ट्रक ने बुलेट में टक्कर मार दी। टक्कर लगने पर पिता-पुत्र सड़क पर गिर गए और टके पहिये के नीचे आकर कुचले जाने से मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों की पहचान कर परिजनों को सूचना दी। परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे। झिंझाना थाना प्रभारी का कहना है कि इस मामले में अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### राजस्व संबंधी शिकायतों की जांच अब लेखपाल नहीं करेंगे, एसडीएम स्तर पर होगा अंतिम फैसला

**लखनऊ, 05 जुलाई (एजेंसी)।** यूपी में राजस्व मामलों की जांच को लेकर बड़ा फैसला किया गया है। उत्तर प्रदेश में अब लेखपाल की रिपोर्ट ही अंतिम नहीं मानी जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने जनता दर्शन में आ रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए लेखपाल स्तर की जांच पर परिवर्तन किया है। अब राजस्व संबंधी शिकायतों की जांच लेखपाल नहीं, नायब तहसीलदार करेंगे। अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल ने सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। इसके तहत नायब तहसीलदार से नीचे कोई अधिकारी राजस्व मामलों की जांच नहीं करेगा। शिकायतकर्ता को सुनने के बाद ही नायब तहसीलदार अपनी रिपोर्ट देंगे।

## मीट व्यापारी से बाइक सवार बदमाशों ने 1 लाख 23 हजार लूटे, पुलिस में हड़कम्प

**मीरापुर, 05 जुलाई (बु.)।** बीती रात्रि मीरापुर क्षेत्र के मीट दुकानदारों से कलेक्शन कर वापस लौट रहे मीट व्यापारी से पीछे से एक बाइक पर सवार होकर आये तीन बदमाशों ने पिस्टल के बल पर एक लाख 23 हजार रुपये लूट लिए। लूट की सूचना से पुलिस में हड़कम्प मच गया। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव तिस्सा निवासी मुजम्मिल पुत्र साबिर मीरापुर, जानसठ,जौली व चितौड़ा में मीट विक्रेताओं को मीट सप्लाई करने का कारोबार करता है। शुक्रवार की शाम मीट व्यापारी मुजम्मिल का पुत्र रिहान अपने एक दोस्त नवाजिश उर्फ नज्जो पुत्र शमशाद के साथ मीरापुर ,जानसठ क्षेत्र के मीट विक्रेताओं से रुपयों का कलेक्शन करने आया था तथा दुकानदारों से करीब एक लाख 23 हजार रुपये एकत्र कर रात्रि में करीब 9 बजे वह तिस्सा के लिए जा रहा था। जैसे ही वह मीरापुर थानाक्षेत्र के सिकन्दरपुर गांव से कुछ आगे निकला, तो पीछे से एक दूसरी बाइक सवार होकर आए तीन नकाबपोश बदमाशों ने ओवरटेक कर इनकी बाइक रुकवा ली और पिस्टल की नोक पर रिहान से कलेक्शन की सारी रकम, 1 लाख 23 हजार लूट ली। इस दौरान सामने से दूसरी बाइक आने की रोशनी देखकर बदमाश फरार हो गए। बदमाशों के जाने पर घबराए व्यापारी रिहान ने 112 पर लूट की सूचना दी। बड़ी लूट होने की सूचना से पुलिस में हड़कम्प मच गया। आनन-फानन में 112 पीआरवी के साथ-साथ मीरापुर इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा व ककरौली पुलिस मौके पर पहुँच गयी। लूट की सूचना पर सीओ जानसठ यतेन्द्र नागर भी मौके पर आ गए तथा पीड़ित व्यापारी से घटना की जानकारी ली। पीड़ित व्यापारी ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध लूट की तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया तथा पीड़ित व्यापारी रिहान व उसके दोस्त नवाजिश को साथ लेकर सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से बदमाशों की तलाश में जुटी है।



## ईओ ने स्वयं खड़े होकर भरवाये कच्ची सड़क कांवड़ मार्ग के गड्ढे

**मुजफ्फरनगर, 05 जुलाई (बु.)।** कच्ची सड़क के लोगों द्वारा शुक्रवार रात को कांवड़ मार्ग बनाये जाने व पेचवर्क अच्छी क्वालिटी का कराये जाने को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के चलते देर रात ईओ व चेयरमैन पति गौरव स्वरूप को भी मौके पर आना पड़ा था। प्रशासन द्वारा लोगों को भरोसा दिया गया था कि कांवड़ बाद सड़क बनाई जायेगी व पेचवर्क भी बढ़िया गुणवत्ता का होगा। उसी के चलते शनिवार की रात पेचवर्क का कार्य प्रारम्भ हुआ और ईओ प्रज्ञा सिंह स्वयं मौके पर मौजूद रहकर पेचवर्क में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की गुणवत्ता का निरीक्षण करती रही। अच्छी गुणवत्ता का पेचवर्क होने से क्षेत्र के लोगों ने संतोष जताया और कहा कि शासन-प्रशासन ने जो वायदा किया था उसको अच्छी व उचित प्रकार से निर्वहन किया जा रहा है।



## उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर मंदिरों का होगा जीर्णोद्धार

**लखनऊ, 5 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए मंदिरों के बड़े पैमाने पर जीर्णोद्धार और पर्यटन विकास की एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। इस योजना के तहत भृगु और दुवार्सा ऋषि के आश्रमों सहित जैन मंदिर का कायाकल्प किया जाएगा। विशेष रूप से पूर्वांचल के मंदिरों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, पर्यटन विभाग ने एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। इसमें बलिया में भृगु आश्रम स्थित चित्रगुप्त मंदिर का सौंदर्यीकरण, तेंदुआ पट्टी फरसातर मौजा होलपुर में हनुमान मंदिर परिसर का पर्यटन विकास, बसंतपुर गांव में उदासीन मठ का विकास, अजमगढ़ के महाराजगंज में भैरोबाबा स्थल का पर्यटन विकास, फूलपुर पवई में दुवार्सा ऋषि आश्रम का विकास, मऊ के दुआरी गांव में श्री वीरा बाबा ब्रह्म स्थान का पर्यटन विकास, अजमगढ़ के मिश्रापुर में राम जानकी मंदिर का विकास, कन्नौज के सदर में फूलमती देवी मंदिर का सौंदर्यीकरण होगा इसके साथ ही अजमगढ़ के धन्नीपुर, सिंगपुर बांसगांव में स्वर्गीय संत परमहंस बाबा के स्थल का भी पर्यटन विकास इस योजना में शामिल है। अयोध्या, काशी, और मथुरा जैसे प्रमुख धार्मिक केंद्रों के साथ-साथ राज्य के अन्य प्राचीन मंदिरों और तीर्थ स्थलों को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए सरकार ने कई योजनाएं लागू की हैं। 2024 में 65 करोड़ पर्यटकों ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थलों का दौरा किया, जो इन पहलों की सफलता को दशार्ता है। इसके साथ ही योगी सरकार की होमस्टे नीति-2025, जिसमें धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर स्थानीय लोगों को अपने घरों को होमस्टे में बदलने के लिए प्रोत्साहन और सब्सिडी दी जा रही है, ने पर्यटकों के लिए ठहरने की सुविधाओं को बेहतर बनाया है। इसके अलावा, पुराने मंदिरों और तीर्थ स्थलों के जीर्णोद्धार के लिए नई नीति और पुजारियों के कल्याण के लिए विशेष बोर्ड के गठन की योजना भी सराहनीय है।

## लाइब्रेरी के बाहर से बाइक चोरी

### फुटेज में 8 वर्षीय बच्चा बाइक चोरी करता दिखाई पड़ा

**मीरापुर, 05 जुलाई (बु.)।** कस्बे में एक लाइब्रेरी में पढ़ाई करने आए युवक की बाइक लाइब्रेरी के बाहर से चोरी हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने सीसी टीवी के कैमरे चैक किए, तो सीसीटीवी कैमरों में 8 वर्षीय बच्चा बाइक चोरी करके ले जाता दिखाई पड़ा। गांव कासमपुर खोला निवासी गौरव पुत्र ओमपाल मीरापुर में भाटी लाइब्रेरी में पढ़ाई करने के लिए आता है। प्रतिदिन की भांति वह अपनी बाइक लाइब्रेरी के बाहर खड़ी कर अंदर पढ़ाई कर रहा था। पढ़ाई करने के बाद जब गौरव लाइब्रेरी के बाहर आया, तो उसे बाइक गायब मिली। बाइक चोरी होने से हड़कम्प मच गया। पीड़ित ने लाइब्रेरी के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो एक 8 वर्षीय बच्चा बाइक चोरी कर ले जाता नजर आया। पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक की तथा आसपास के लोगों को दिखाई, तो लोगों ने बच्चे को पहचान लिया, जिस के बाद पुलिस बच्चे के घर पहुँच गई और बाइक बरामद कर ली। पुलिस ने कैमरों की फुटेज बाइक चोरी करने वाले बच्चे के परिजनों को दिखाई, तो परिजनों ने भी बच्चे को पहचान लिया, जिसके बाद पुलिस बाइक और बच्चे को थाने ले आई। वहीं पीड़ित युवक भी दर्जनों युवकों के साथ थाने पहुँच गया तथा मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। समाचार लिखे जाने तक पुलिस बच्चे से बाइक चोरी के सम्बंध में जानकारी कर रही थी।



## खाद्य विभाग की टीम ने चलाया चैकिंग अभियान

**▶▶ कच्ची सड़क से दूध व पनीर के जब्त किए चार सैंपल ▶▶ सैंपल की जांच के बाद होगी दोषियों पर कानूनी कार्यवाही**

**मुजफ्फरनगर, 05 जुलाई (बु.)।** योगी सरकार की पहल पर आम जनमानस को शुद्ध एवं स्वच्छ खाद्य सामग्री उपलब्ध कराए जाने हेतु विशेष अभियान चलाने के क्रम में शनिवार को नगर क्षेत्र में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। इस बीच खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा नगर क्षेत्र में तीन दुकानों पर छापेमारी करते हुए पनीर एवं मिश्रित दूध का एक-एक नमूना संग्रहित किया। टीम की छापेमारी से क्षेत्र में हड़कंप सा मचा रहा। आयुक्त खाद्य सुरक्षा-औषधि प्रशासन लखनऊ के आदेश तथा डीएम उमेश मिश्रा के निर्देश पर जनपद में आम जनमानस को शुद्ध और स्वच्छ पनीर एवं दूध आदि उपलब्ध कराने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय अर्चना धीरान एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिव कुमार मिश्र के नेतृत्व में स्थानीय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मुजफ्फरनगर की टीम द्वारा मैसर्स राधे कृष्ण मिल्क डेरी गंगारामपुरा मुजफ्फरनगर से खाद्य पदार्थ पनीर एवं मिश्रित दूध का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। इसके पश्चात टीम जतिन डेरी आनंदपुरी पहुंची, जहां पनीर का एक नमूना तथा विशाल डेरी आनंदपुरी से पनीर का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। उक्त संग्रहित चारों नमूनों को टीम ने जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला लखनऊ को प्रेषित किया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुनील कुमार एवं मनोज कुमार मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त कांवड़ मार्ग पर स्थित ढाबे होटल तथा रेस्टोरेंट पर सघन निरीक्षण करते हुए उनके फूड लाइसेंस तथा पंजीकरण एवं फूड सेफ्टी कनेक्ट एप को भी चस्पा कराया गया। अधिकारियों ने इस दौरान स्पष्ट किया कि जनपद में खाद्य पदार्थों में अनदेखी किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं की जाएगी।





## घर से 278 किमी दूर चार दोस्तों की मौत : काम की तलाश में गए थे दिल्ली

**नई दिल्ली, 05 जुलाई (एजेंसी)।** दिल्ली के दक्षिणपुरी इलाके में उत्तर प्रदेश के बरेली के रहने वाले चार दोस्तों की लाशें बरामद हुईं। ये सभी एसी मैकेनिक थे। दिल्ली में काम कर रहे थे। शनिवार सुबह पुलिस को सूचना मिली और टीम घटना की जांच के लिए पहुंची। चारों की मौत से दो गांवों में मातम पसर गया है। दिल्ली के आंबेडकर नगर स्थित दक्षिणपुरी में शनिवार सुबह एक बड़े हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। कमरे में सोए चार एसी मैकेनिकों की संदिग्ध हालत में जान चली गई। आशंका व्यक्ति की जा रही है कि गैस की चपेट में आकर दम घुटने से मौत हुई। पुलिस ने सभी के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ये चारों उत्तर प्रदेश के बरेली के रहने वाले थे। चारों की मौत से परिवार में मातम पसर गया है। दिल्ली में काम करने गए सीबीगंज के चार एसी मैकेनिक दोस्तों की हुई मौत के बाद उनके परिवार में कोहराम मच गया। सीबीगंज के गांव सनैया रानी हसीब पुत्र नसीर अहमद दो भाई बहन थे। पिता और मां की पहले ही मौत हो चुकी थी। दोनों भाई बहन अपनी नानी के यहां बंडिया में रहते थे। उनकी नानी ने ही दोनों को पाला था। अब हसीब की मौत के बाद उसकी बहन ही अकेली रह गई। वहीं मोहसिन (22) पुत्र बशीर अहमद निवासी बंडिया के पिता रेलवे से रिटायर्ड है। मां किशबरी हैं। मृतक दो भाई बहन थे। सनैयारानी मेवाकुवर निवासी इमरान (25) पुत्र बाबू खां नौ भाई और एक बहन है। सबसे बड़े भाई की पहले ही मौत हो चुकी है। कपिल उर्फ अंकित रस्तोगी (17) पुत्र स्व महेश रस्तोगी दो भाई थे। दोनों भाइयों में अंकित छोटा था। मां का नाम पूनम है। चारों आपस में दोस्त थे। रोजगार की तलाश में चारों दोस्त दिल्ली गए थे। चारों दोस्त एसी रिपेयर का काम करते थे। वह एसी मैकेनिक थे। घटना की सूचना जैसे ही मृतकों के परिवार को मिली। परिवार में कोहराम मच गया। दोनों गांवों में सन्नाटा छा गया। पंद्रह दिन पूर्व दिल्ली से छुट्टी पर आए थे और सप्ताह भर पूर्व ही दिल्ली काम करने गए थे। उनके परिवार वालों को क्या पता था कि चारों अब दोबारा अपने घर नहीं लौटेंगे।

## गंदे पानी से गुजरी शवयात्रा, अधिकारी मौन

**बुढ़ाना, 5 जुलाई (बु.)।** लंबी बीमारी के चलते मर गये एक ग्रामीण की शव यात्रा गंदे पानी से गुजरी तो ग्रामीणों में उबाल आ गया और सरकारी सिस्टम पूरी तरह से फेल नजर आया। भाकियू इस मामले को लेकर बड़ा आंदोलन करने के मूड में है। हुआ यूं कि बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र के गांव टांडा माजरा निवासी 90 वर्षीय वृद्ध जय की लंबी बीमारी के चलते आज शनिवार की अल सुबह मौत हो गयी थी। जब उसके शव को सैकड़ों ग्रामीण अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट में लेकर जा रहे थे तो शव यात्रा श्मशान मार्ग पर भरे गंदे और कई फुट पानी से होकर गुजरी तो कई ग्रामीण रपटने से बचे और हलकान दिखे। जिसको लेकर ग्रामीणों में रोष फैल गया और उन्होंने ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव के साथ साथ बीडीओ बुढ़ाना को भी भला बुरा कहा। इस मार्ग पर पूरी तरह दलदल दिखाई दी और किसी ने गंदे पानी से गुजर रही शवयात्रा का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल कर सोए हुए अधिकारियों को जगाने का काम किया। तब एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके पर संबंधित अधिकरियों को भेजकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बताया जाता है कि टांडा माजरा गांव के ग्रामीण नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। गांव की गलियां खासकर श्मशान घाट तक का रास्ता गंदे पानी से भरा रहता है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति बरसात के अलावा सामान्य दिनों में भी बनी रहती है, जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या के लिए ग्राम प्रधान, खंड विकास अधिकारी और ग्राम सचिव जिम्मेदार हैं। उनकी शिकायत है कि बार- बार गुहार लगाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। यह मामला अब क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है और ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि आखिर उन्हें इस दूषित पानी से कब मुक्ति मिलेगी। गांव में स्वच्छता की अनदेखी और अधिकारियों की कथित लापरवाही ने ग्रामीणों का जीना दूभर कर दिया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप और इस मूलभूत समस्या के समाधान की मांग की है। इस संबंध में भाकियू जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी प्रधान और तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार ने कहा कि बड़ा दुःखद है। इस तरह की घटना को देखना एक व्यक्ति का हमारे बीच से चले जाना और अन्तिम यात्रा का पानी में होकर जाना प्रधान और सचिव का भ्रष्टाचार दर्शाता है। संगठन द्वारा जल्द ही अधिकारियों को रिजल्ट दिया जाएगा।

**भाकियू इसको लेकर कर सकती है आंदोलन**



## मौसम के बदलाव के बीच गर्मी और उमस से बेहाल रहे लोग

**मुजफ्फरनगर, 05 जुलाई (बु.)।** केरल में पूर्व वर्षों से करीब 8 दिन पूर्व मानसून की दस्तक के बावजूद उत्तर भारत के साथ ही दिल्ली-एनसीआर में लोगों को गर्मी एवं उमस ने बेहाल कर दिया है। हालांकि एनसीआर के साथ वेस्ट यूपी में मानसून की एंट्री हो चुकी है लेकिन उसके बाद भी लोगों को अभी उमस भरी गर्मी से कोई राहत नहीं मिल रही। इस बीच मौसम पूर्वानुमान जारी किया है। इसमें 11 जुलाई तक दिल्ली- एनसीआर में बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम के बदलते इसी मिजाज के बीच जनपद में शनिवार को न्यूनतम पारा 25.5 डिग्री और अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने शनिवार के बाद रविवार को बादल छाए रहने के साथ मध्यम बारिश होने का अनुमान जताया है। मौसम के बदलते मिजाज के बीच मौसम विभाग ने रविवार को दिल्ली-एनसीआर के साथ वेस्ट यूपी में बारिश की चेतावनी जारी करते हुए कुछ इलाकों में येलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही रविवार 6 जुलाई को दोपहर में कुछ जनपदों में आंधी-तूफान के साथ बारिश की आशंका भी जताई है। इस दौरान हल्की से मध्यम बारिश होने के साथ रात में भी बारिश और आंधी-तूफान की भी संभावना व्यक्त करते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच अधिकतम तापमान 34 और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया जा सकता है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक 7 जुलाई को आसमान में बादल छाने और फिर झमाझम बारिश की उम्मीद है, वहीं 8 जुलाई को भी मौसम विभाग ने आंधी तूफान के साथ बारिश की आशंका जताते हुए लोगों को सतर्क रहने का आह्वान किया है। इस दौरान भी अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रह सकता है। शनिवार को इन्हीं हालातों के बीच जनपद में दूसरे दिन भी रिमझिम बौछारों का कई बार दौर जारी रहने से दिनभर गर्मी और उमस से परेशान होते देखा गया।

**अधिकतम तापमान**
**$32.2^0$**
**न्यूनतम तापमान**
**$25.5^0$**



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

# उद्धव ठाकरे, राज ठाकरे साथ-साथ

उद्धव ठाकरे, राज ठाकरे साथ-साथ एक मंच पर देखे गए। दोनों के समर्थकों ने उनकी सराहना भी की, तो बाकियों ने उन पर कटाक्ष भी किए और बहुत से ऐसे भी थे, जिन्होंने इन दोनों पर कोई भी टिप्पणी करना ठीक नहीं समझा। उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे एक मंच पर आ गए। इस बारे में महाराष्ट्र में बहुत कुछ लिखा जा रहा है, कहा जा रहा है। कहा जा रहा है कि जब मुख्यमन्त्री बनने के लिए उद्धव ठाकरे ने अपने पिता की विचारधारा को त्यागा, तभी उन्होंने अपने राजनैतिक पतन की पटकथा लिख दी थी। चुनाव में उसकी झलक भी दिख गयी। राज ठाकरे बहुत कुछ कहते हैं। सोशल मीडिया पर उन्हें नोटिस भी किया जाता है, लेकिन जनता ने उन्हें भी वोट से अलग ही रखा। यह भी कहा जा रहा है कि दोनों अपनी सियासी हालत सुधारने के लिए एक दिखने की कोशिश कर रहे हैं, जनता उनकी एकता को कितना मूल्य देती है, यह महानगर पालिका के चुनाव में पता चलेगा। महाराष्ट्र में बीते कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिनमें कुछ लोगों से जबरन मराठी बोलने के लिए कहा जा रहा था। कुछ मामलों में मारपीट भी हुई है। ऐसे में इन विवादों पर मुख्यमन्त्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रतिक्रिया दी थी। देवेंद्र फडणवीस ने पत्रकारों से कहा, मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में बताना चाहता हूं, महाराष्ट्र में मराठी भाषा का अभिमान रखना कोई गलत बात नहीं है, लेकिन भाषा की वजह से अगर कोई गुंडागर्दी करेगा, तो इसे हम सहन नहीं करने वाले। कोई अगर भाषा के आधार पर मारपीट करेगा, तो यह सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार की घटना हुई है, उस पर पुलिस ने कार्रवाई भी की है और आगे भी अगर कोई इस तरह भाषा को लेकर विवाद करेगा, तो उस पर कार्रवाई होगी। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि भारत की किसी भी भाषा के साथ इस प्रकार से अन्याय नहीं किया जा सकता। मुझे तो कभी-कभी आश्चर्य होता है कि ये लोग अंग्रेजी को गले लगाते हैं और हिन्दी के ऊपर विवाद करते हैं। उद्धव और राज ठाकरे, हिन्दी को अनिवार्य करने के फ़ैसले का विरोध करने के लिए साथ-साथ हुए, लेकिन महाराष्ट्र सरकार में हिन्दी को अनिवार्य करने जैसा कुछ नहीं है, वहाँ हिन्दी थोपने जैसा कुछ नहीं है, जिसकी मर्जी हो हिन्दी पढ़े, जिसकी मर्जी न हो न पढ़े। राज और उद्धव ठाकरे इसके खिलाफ मिलकर मार्च निकालने वाले थे, लेकिन ऐसा कुछ जब नहीं है और सरकार ने बयान भी दे दिया, तो विरोध मार्च की जगह विजयी रैली निकाली गई। यह मुंबई के वर्ली इलाके में हुई। मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने कहा कि मैंने अपने एक इंटरव्यू में कहा था कि मेरा महाराष्ट्र किसी भी राजनीति और लड़ाई से बड़ा है। आज 20 साल बाद मैं और उद्धव एक साथ आए हैं, जो बालासाहेब नहीं कर पाए, वह सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कर दिखाया। हम दोनों को साथ लाने का काम किया। उद्धव ठाकरे का कहना है कि दोनों भाई साथ रहने के लिए साथ आए हैं। इस सभा में बोलते हुए राज ठाकरे ने उद्धव ठाकरे और सभी मराठी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दरअसल एक मार्च निकाला जाना चाहिए था। मराठी लोग किस तरह से हर तरफ से एकजुट हो रहे हैं, इसकी तस्वीर बड़े पैमाने पर सामने आती, लेकिन मार्च की चर्चा ही बंद करनी पड़ी। उन्होंने आगे कहा कि मुझे नहीं पता कि अचानक हिन्दी कहां से आ गई? हिन्दी क्यों? किसके लिए हिन्दी ? आप इसे उन छोटे बच्चों पर थोप रहे हैं। आप शिक्षाविदों से पूछना नहीं चाहते। आपके पास ताकत है और आप इसे थोपेंगे। अगर आपके पास ताकत है, तो वह विधान भवन में होगी। हमारे पास सड़कों पर ताकत है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि जब से हमने इस कार्यक्रम की घोषणा की है, तब से सभी को आज हमारे भाषण का बेसब्री से इंतजार था, लेकिन मेरे विचार से हम दोनों एक साथ आ रहे हैं और यह मंच हमारे भाषणों से ज्यादा महत्वपूर्ण है। राज पहले ही बहुत शानदार भाषण दे चुके हैं और मुझे लगता है कि अब मुझे बोलने की कोई जरूरत नहीं है। केंद्र और महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधते हुए उद्धव ठाकरे ने सवाल किया कि सरकार ने अपने 11 साल के कार्यकाल में महाराष्ट्र और मुंबई के लिए क्या किया है। उद्धव से पहले राज ठाकरे ने कहा कि उन्होंने देखा कि जब महाराष्ट्र में आग लगी थी, तो क्या हुआ था, इसलिए वे पीछे हट गए। हिन्दी भाषी राज्य आर्थिक रूप से पिछड़े हैं। गैर-हिन्दी भाषी राज्य आर्थिक रूप से उन्नत हैं। कौन हिन्दी सीखना चाहता है? क्या आप पांचवीं कक्षा के बाद हिन्दी फिल्म उद्योग में जाना चाहते हैं? कोई भी भाषा महान है। हर भाषा को महान बनाने के लिए बहुत इच्छाशक्ति चाहिए। उद्धव ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र की जनता के मन में जो होगा, वही होगा। मैंने आपको एक ही वाक्य में बता दिया। हम इस संबंध में सभी बारीकियों की जांच कर रहे हैं। मैं आपको सिर्फ. संदेश नहीं, बल्कि सीधे समाचार दूंगा। मेरे शिवसैनिकों के मन में कोई भ्रम नहीं है। इसलिए, संदेश देने की बजाय, हम जो समाचार देना चाहते हैं, वह देंगे। राज ठाकरे के मनसे पार्टी के साथ गठबंधन को लेकर उद्धव ठाकरे ने कुछ दिन पहले यह संकेतात्मक बयान दिया था। कई सालों से यह कहा जा रहा है कि राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे एक साथ आएंगे। पिछले कुछ दिनों से चर्चा चल रही है कि नगर निगम चुनाव से पहले दोनों भाई फिर साथ आएंगे, क्योंकि, ऐसा संकेत किसी और ने नहीं, बल्कि दोनों भाइयों राज और उद्धव ने दिया। 8 नवंबर 2019 को मुख्यमंत्री पद की शपद लेने वाले उद्धव ठाकरे ने 29 जून, 2022 को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इस तरह वे मुख्यमंत्री की कुर्सी पर सिर्फ पर सिर्फ 943 दिन ही टिक पाए। ये 943 दिन ही उनकी सारी सियासत की कहानी कहते हैं। महाराष्ट्र में राज ठाकरे की पार्टी मनसे ने विधानसभा चुनाव में 125 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। राज ठाकरे की पार्टी मनसे का कोई भी प्रत्याशी चुनाव नहीं जीत सका। राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे ने भी पहली बार माहिम सीट से चुनाव लड़ा और वो हार गए। यह इन दोनों की सियासी ताकत है। इन दोनों के एक होने पर एक यू ट्यूबर ने 1972 में आयी फिल्म 'विकटोरिया नम्बर 203' में वर्मा मलिक के लिखे इस गाने के शीर्षक से वीडियो बना दिया-

दो बेचारे बिना सहारे, देखो पूछ-पूछ कर हारे,
बिन ताले की चाबी लेकर, फिरते मारे-मारे
मैं हूँ राजा ये है राना, मैं दीवाना ये मस्ताना, दोनों मिल कर गाएं गाना.....

## चार तीर

सुनील उत्सव

"वतन" "चोट" "सरकार" "सड़कें"

ऐसे भी हैं वतन में जो धरती के बोझ हैं,
देंगे वतन को चोट भी शरमाएंगे नहीं।
सरकार के विरोध में आँखें भी बन्द हैं,
सड़कें बदल रही हैं मगर देखते नहीं।

# कांवड़ मार्ग पर विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने को विभाग तैयार

मुजफ्फरनगर, 05 जुलाई (बु.)। जनपद में कांवड़ मार्ग की विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने के लिए पावर कारपोरेशन की ओर से हर बिन्दु पर किया कार्य अंतिम पड़ाव की ओर है। ऐसे में कांवड़ मार्ग में पेड़ों की छंटाई से लेकर जर्जर तारों को बदले जाने और ट्रांसफार्मरों की बैरिकेडिंग व पोल पर पॉलिथीन लपेटने आदि का कार्य किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर शहरी और देहात क्षेत्रों में विद्युत विभाग के एसई और एक्सईएन को मुख्य अभियंता की ओर से कांवड़ मार्ग की सप्लाई को दुरूस्त रखे जाने के निर्देश दिए गये हैं। पावर कारपोरेशन की ओर से इस बार कांवड़ मार्ग पर 24 घंटे बिजली सप्लाई उपलब्ध रहे, इसके लिए तैयारियों को पूर्ण किए जाने की पहल की है। उत्तर भारत की धार्मिक कांवड़ यात्रा को निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने को सरकार के निर्देश पर आलाधिकारी हर स्थिति पर पैनी नजरें गड़ाए हुए हैं। इस कड़ी में कांवड़ मार्ग पर पावर कारपोरेशन के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए है। मुख्य अभियंता विद्युत पवन अग्रवाल ने बताया कि जनपद में कांवड़ मार्ग की विद्युत आपूर्ति को दुरूस्त रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए जहां कांवड़ मार्ग की तमाम व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने के लिए संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। इसके साथ ही शिवचौक की बिजली सप्लाई को दुरूस्त रखने के सख्त निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को चेतावनी दी गई है कि यदि कांवड़ मार्ग की बिजली सप्लाई में लापरवाही के कारण क्षेत्र प्रभावित होता है तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बार कांवड़ मार्ग पर यदि कोई फाल्ट होता है तो उसे तत्काल प्रभाव से सही किए जाने के निर्देश सभी अधिकारी-कर्मचारियों को दिए गए हैं।

# करीब 94 साल के बाद मोदी राज में पिछड़ों को मिलेगा न्यायः नरेन्द्र कश्यप



मुजफ्फरनगर, 05 जुलाई (बु.)। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मंत्री एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष नरेन्द्र कश्यप ने बारात घर पचेंडा रोड में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिए सामान्य जनगणना के साथ ही जातीय जनगणना कराये जाने के फैसले को लेकर संपन्न सम्मेलन में पिछड़े समाज के लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि देश में वर्ष 1931 में अंग्रेजों द्वारा जातीय जनगणना कराई गई थी। हमारी सरकार यह जनगणना वर्ष 2021 में कराना चाहती थी, लेकिन कोविड जैसी प्राकृतिक महामारी के चलते नहीं कराई जा सकी। उन्होंने कहा कि यह कास्ट सेंसस देश के वंचित, पिछड़े और उपेक्षित वर्गों को समाज में अपनी एक सही पहचान दिलाने के साथ ही तमाम सरकारी योजनाओं व नौकरियों में उनको उचित भागीदारी दिलाने की दिशा में निर्णायक पहल साबित होगा। नगर मुख्यालय पर आयोजित धन्यवाद सम्मेलन में बोलते हुए मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि उसके बाद से आजाद भारत में पहली बार जातिगत जनगणना कराने का फैसला पीएम मोदी ने लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने 60 वर्षों के शासनकाल में जातीय जनगणना कराने की हिम्मत नहीं जुटा पाई और पिछड़े समाज के लोगों को झूठ का पुलिंदा थमाकर छलावा करती रही। 1931 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ओबीसी आरक्षण के लिए मंडल कमीशन ने 1980 में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। मंडल कमीशन ने अनुमान लगाया कि कुल आबादी में से 52 फीसदी आबादी पिछड़ा वर्ग की है, इसके आधार पर आयोग ने सरकारी नौकरी और शिक्षण संस्थानों में 27 फीसदी रिजर्वेशन की अनुशंसा की थी। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि जातीय गणना का निर्णय सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्ग के लोगों की गैर बराबरी दूर कर उन्हें और अधिक सशक्त बनायेगा तथा वंचितों और उपेक्षित वर्गों के लोगों के लिए चहुंमुखी विकास के लिए नये रास्ते खोलेगा। इस दौरान विजय वर्मा ने बताया कि सम्मेलन में पश्चिम क्षेत्र ओबीसी मोर्चा प्रभारी जयप्रकाश कुशवाह, क्षेत्रीय महामंत्री रूपेंद्र सैनी, पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बिजेन्द्र कश्यप व जिलाध्यक्ष सुंदरपाल, जय करण गुर्जर, मनोज पांचाल, राम कुमार कश्यप, संजय धीमान, इन्दर प्रजापति, मनोज पाल,देवेंद्र पाल, सचिन, हिमांशु सैनी, नरेंद्र प्रजापति, रोहित सैनी, अंकित, रामसेन पाल व अंकित उप्पल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा पार्टी कार्यालय पर हुई नगर विकास के मुद्दे पर बैठक



मुजफ्फरनगर, 05 जुलाई (बु.)। शहर के विकास के साथ पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने को लेकर शनिवार को गांधीनगर स्थित पार्टी कार्यालय पर विचार मंथन किया गया। बैठक में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप के साथ भाजपा के चारों मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेड़ा, नंद किशोर, अमित शास्त्री व दीपक मित्तल मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी, मंत्री कपिल देव व पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ नगर विकास से जुड़ी प्रमुख योजनाओं के साथ जन सरोकार से संबंधित समस्या और आगामी रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की। सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में संगठन को मजबूत करने और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता जताई। मंत्री कपिल देव अग्रवाल एवं चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ शनिवार को संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई, जिसमें आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देने के साथ ही इसके लिए योजना, रचना एवं पिछले कार्यक्रमों पर चर्चा हुई, जिसमें पार्टी संगठन की एकजुटता और समर्पण की झलक दिखाई दी। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाई जा रही जनहितैषी व लोक कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। वहीं भाजपा के आगामी प्रस्तावित कार्यक्रमों के लिए कार्यकर्ताओं को भी दायित्व सौंपे गये। बैठक में मुख्य रूप से रोहिल वाल्मीकि, राजीव सिंह, बिजेंद्र पाल, संजय गर्ग, शरद शर्मा, रोहताश पाल, रेणु गर्ग, सुधीर खटीक, सुनील दर्शन, वार्ड सभासद कुसुमलता पाल, ममता बालियान, रितु त्यागी, राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, योगेश मित्तल, अमित शर्मा, अमित पटपटिया, रजत धीमान, हिमांशु कौशिक, प्रशांत गौतम, नवनीत गुप्ता, अर्जुन प्रजापति समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शुभमन गिल का प्रचंड फॉर्म जारी, जड़े बैक टू बैक शतक, तोड़ा सुनील गावस्कर का कीर्तिमान

नई दिल्ली, 05 जुलाई (एजेंसी)। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में शुभमन गिल का बल्ला आग उगल रहा है। पहली पारी में दोहरा शतक लगाने वाले शुभमन गिल ने दूसरी पारी में भी उसी फॉर्म को बरकरार रखते हुए शतक लगाया। यह उनके टेस्ट करियर का 8वां शतक है। इस शतकीय पारी के साथ ही उन्होंने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया है। बता दें कि 54 साल बाद के बाद पहली बार किसी भारतीय खिलाड़ी ने एक टेस्ट मैच में दोहरा शतक और शतक लगाया है। इससे पहले 1971 में सुनील गावस्कर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ एक टेस्ट मैच में दोहरा शतक लगाया था। गिल अब भारत के लिए किसी एक टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने यहां भी सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ा है। अपनी इस शतकीय पारी के दौरान शुभमन गिल कई रिकॉर्ड तोड़ चुके हैं। वह अब भारत के लिए किसी एक टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले ये रिकॉर्ड सुनील गावस्कर के नाम था। गावस्कर ने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ एक टेस्ट मैच में 344 रन बनाए थे। वहीं शुभमन गिल इस टेस्ट मैच में अब तक 369 रन बना चुके हैं और वह अभी भी बैटिंग कर रहे हैं। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर वीवीएस लक्ष्मण का नाम है। लक्ष्मण ने 2001 में कोलकाता में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 340 रन बनाए थे। वहीं भारतीय कप्तान के तौर पर एक टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी उनके नाम जुड़ गया है। इससे पहले ये रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम था। विराट ने साल 2017 में श्रीलंका के खिलाफ एक टेस्ट मैच में 293 रन बनाए थे।

# संसद भवन में राष्ट्रीय स्थानीय निकाय अध्यक्ष सम्मेलन बैठक में किया चेयरपर्सन ने प्रतिभाग



मुजफ्फरनगर, 05 जुलाई (बु.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को पूर्ण करने के लिए देश के नगरीय निकायों को बड़ी भूमिका निभाने को तैयार करने के उद्देश्य से हरियाणा में संपन्न हुए देश के प्रथम राष्ट्रीय स्थानीय निकाय अध्यक्ष सम्मेलन में देश के प्रमुख नगर निगमों के महापौर व नगरपालिका के अध्यक्षों को आमंत्रित किया गया, इसमें नगरपालिका परिषद् मुजफ्फरनगर की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप भी शामिल रहीं। वो जिले की पहली चेयरपर्सन बनीं, जिन्होंने संसद भवन में आयोजित इस सम्मेलन में प्रतिभाग कर देश और दुनिया के प्रमुख शहरी निकायों के बेस्ट वर्किंग प्रेक्टिस को समझा और प्रशिक्षण पाया। पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि हरियाणा में संपन्न सम्मेलन के उपरांत सभी निकाय अध्यक्षों को दिल्ली स्थित संसद भवन का भ्रमण कराया गया। संसद के दोनों सदन लोकसभा और राज्यसभा का भ्रमण यादगार रहा। लोकसभा में हरियाणा विधान सभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सम्मेलन के अंतर्गत एक विशेष शिष्टाचार बैठक आयोजित हुई, जिसमें देशभर से नगर पालिका अध्यक्ष व नगर निगमों के महापौर उपस्थित रहे। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि संसद में संपन्न विशेष बैठक का अनुभव खास रहा। इसमें विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने के लिए नगर निकायों की भूमिका, भविष्य की योजनाओं व चुनौतियों पर विचार-विमर्श करते हुए निकायों को अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि उनके लिए यह अनुभव एक गौरव का विषय रहा, पहली बार मुजफ्फरनगर पालिका से कोई चेयरमैन संसद तक पहुंची है। यहां पर हमें देश और दुनिया के निकायों में नवाचार के माध्यम से हो रहे विकास और कार्यों से अपने शहर का स्वरूप बदलने की प्रेरणा और मार्गदर्शन मिला। इस सम्मेलन में सामने आई निकायों की बेस्ट प्रैक्टिस को हम यहां लागू करने का प्रयास करेंगे।

## खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद बोर्ड की संस्थागत हाईस्कूल की मुख्य परीक्षा, वर्ष-2021 अनुक्रमांक 210512887 का प्रमाण-पत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

शगुन राय पुत्र अशोक कुमार
ग्राम- बेहड़ा सादात, डा0- ककरौली
जिला- मुजफ्फरनगर



# संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया

जानसठ, 05 जुलाई (बु.)। तहसील परिसर के सभाकक्ष में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसएसपी ने जन शिकायतों को सुना। उनका निस्तारण कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वह मौके पर जाकर शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें। डीएम ने अधिकारियो को चेतावनी दी कि समय पर शिकायतों का निस्तारण नहीं होने पर संबंधित के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। शनिवार को तहसील परिसर के सभाकक्ष में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता डीएम उमेश मिश्रा और एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से की। डीएम उमेश मिश्रा ने कहा कि शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाएं, शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही ना बरती जाए। उन्होंने शिकायकर्ताओं की शिकायतें सुनकर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया। संपूर्ण समाधान दिवस में सबसे ज्यादा भूमि और जमीन से संबंधित शिकायत दर्ज की गई। एसडीएम जयेंद्र सिंह ने बताया कि संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 41 शिकायत दर्ज की गई, जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। इस दौरान सीएमओ सुनिल तेवतिया, एसडीएम जयेंद्र सिंह, तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता, सीओ जानसठ यतेंद्र नागर, सीओ भोपा डॉ रवि शंकर, नायब तहसीलदार अजय कुमार मौजूद रहे।

## किराये हेतु उपलब्ध

30 फुटा रोड पर
कमल नगर, मुजफ्फरनगर
में एक 300 गज,
दो मंजिला हॉल
किराये हेतु उपलब्ध है।
सम्पर्क करें-
विष्णुदत्त धीमान
M.9897074180

## बिक्री हेतु

मध्यप्रदेश, जिला-नरसिंहपुर
में एक 9 रोलर प्लांट चालू
हालत में बिकाऊ हैं।
जिसमें वरटिकल इंजन रसटन, 10 भट्टी कढ़ाये,
कॉंटा, 2 मोटर व समस्त सामान बिकाऊ है।
इच्छुक सम्पर्क करें- 9012972192, 8319955260

## सार्वजनिक सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 13928, दिनांक 15/12/2021 में नियमों की जानकारी न होने के कारण, मेरे द्वारा पुत्री का नाम ईनाया अंकित नहीं कराया गया था। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन-पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

आमिर
1422/194, किदवई नगर, मुजफ्फरनगर
मो. 9588560723

# विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के बीच खाद्य सामग्री वितरण किया

मुजफ्फरनगर, 05 जुलाई (बुस.)। भारत ज्ञान सेवा ट्रस्ट (रजि.) द्वारा सेवा भाव को समर्पित एक विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत आशादीप स्कूल में अध्ययनरत मंदबुद्धि एवं श्रवण विकलांग छात्र-छात्राओं के मध्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इस सेवा कार्यक्रम में लगभग 40-45 विशेष बच्चों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को कोल्ड ड्रिंक की बोतलें एवं चिप्स आदि प्रिटी जैन, अक्षय जैन, प्रवरा जैन (मुंबई) एवं सिद्धार्थ जैन द्वारा वितरित किए गए। वहीं अंशिका जैन एवं अभिषेक जैन ने बच्चों को जलजीरा बोतलें भेंट कीं, जिससे बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली। इस अवसर पर भारत ज्ञान सेवा ट्रस्ट के निम्न पदाधिकारी प्रमुख रूप से उदित जैन, संस्थापक, अध्यक्ष, अंकुर जैन (टायर वाले) उपाध्यक्ष, डॉ. आलोक जैन सचिव, कृतिका जैन कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे। साथ ही आशादीप स्कूल के प्रधानाचार्य, समस्त स्टाफ एवं समिति सदस्यों ने ट्रस्ट के इस मानवीय कार्य की सराहना करते हुए धन्यवाद किया।



Lakshya Edu. & Sports School
Muradpura, Baghra, MZN
(Affiliated to C.B.S.E. 10+2 New Delhi)
WE ARE HIRING
REQUIRED
* PGT-English
* CLERK (Female)
Note:
• Salary will depend on your qualification & experience.
• Interview timing 08:30 AM to 01:00 PM.
• Transport available from Muzaffarnagar.
Mob: 9759370230, 9411092569
E-mail:lakshyaschool05@gmail.com

## सार्वजनिक सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण-पत्र में मेरी पुत्री का नाम प्राची और मेरा (पिता का) नाम रवि है, जबकि मेरी पुत्री के सभी दस्तावेजों में उसका नाम प्राची सिंह और मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम रवि कुमार है। भविष्य में हमें इन्हीं नामों से जाना व पहचाना जाये।

रवि कुमार पुत्र रणवीर सिंह
ग्राम–सोना अर्जुनपुर
जिला– सहारनपुर

## सार्वजनिक सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 2766, दिनांक 02/03/2022 में उसका नाम गलती से NAHUSH GOEL अंकित कराया गया था,जबकि उसका वास्तविक नाम NAKSH GOEL है। उसे भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाये। नाम संशोधन हेतु शपथ-पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा

वरूण गोयल
52, सुरेन्द्र नगर, मुजफ्फरनगर
मो. 9897655060



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# केशवपुरी स्कूल में नवनिर्मित कक्षा कक्षों का किया लोकार्पण



मुजफ्फरनगर, 05 जुलाई (बु.)। केशवपुरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में दो नवनिर्मित कक्षों का शनिवार को लोकार्पण हुआ। जिसमें एक कक्ष स्व. डॉ. सुरेश संगल पूर्व विधायक की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी डॉ. विनोद संगल, पुत्र जिज्ञासु संगल, बहन मनीषा अग्रवाल, प्रीति गर्ग व भतीजी सुगंधा गुप्ता ने निर्माण कराया गया। इस कक्षा कक्ष का लोकार्पण पूर्व विधायक की पत्नी, बेटे-बेटियों व भतीजी के साथ ही परिवार के अन्य सदस्यों के कर कमलों से संपन्न हुआ। वहीं स्कूल में दूसरे कक्षा कक्ष का निर्माण विद्यालय की पूर्व छात्रा डॉ. रेनू शर्मा सहारनपुर के प्रयास से उनके पूज्य पिताजी ईश्वर चंद्र शर्मा एवं माता विमला देवी निवासी ब्रह्मपुरी, मुजफ्फरनगर ने कराया। दूसरे कक्ष का लोकार्पण डॉ. रेनू शर्मा व उनके माता-पिता के कर कमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्यामलाल बंसल, प्रबंधक संजय अग्रवाल, ज्ञान चन्द सिंघल के साथ प्रधानाचार्य कौशल आर्य ने सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मुकेश कुमार, भोपाल सिंह, हरीश कुमार, इंदु त्यागी, सविता, साक्षी, नरेन्द्र कुमार, नीरज शर्मा, सुनील शर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांक : 654/E-Tender/P.W.D./NPP/2025-26 दिनांक : 03.07.2025

### ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2025-26 में नवीनीकृत/ किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित 01 निर्माण कार्यों हेतु दिनांक 25.07.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा फॉर्म ऑनलाइन दिनांक 05.07.2025 की प्रातः 10:00 से दिनांक 25.07.2025 की अपराह्न 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक 25.07.2025 की अपराह्न 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोला जायेगा। कार्य **राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि** की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत है। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर अथवा ऊपर दी गयी वेबसाइट पर लॉग इन कर प्राप्त कर सकते हैं।

| सहायक अभियंता (निर्माण) | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
|---|---|---|
| नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर | नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर | नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर |

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांक : /E-Tender/CM-VNY/2025-26 दिनांक : 03.07.2025

### अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2025-26 में नवीनीकृत/किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि 'मुख्यमंत्री वैश्विक नगरीय योजनान्तर्गत' निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु दिनांक 14.07.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा फॉर्म ऑनलाइन दिनांक 07.07.2025 की प्रातः 10:00 से दिनांक 14.07.2025 की अपराह्न 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक 14.07.2025 की अपराह्न 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदय के समक्ष खोला जायेगा। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर अथवा ऊपर दी गयी वेबसाइट पर लॉग इन कर प्राप्त सकते हैं।

| सहायक अभियंता (निर्माण) | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
|---|---|---|
| नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर | नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर | नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर |

HURRY UP !
खुशखबरी ! खुशखबरी ! खुशखबरी !
अब आपको नया ई-रिक्शा खरीदने के लिए
लाखों रुपए खर्च करने की आवश्यकता नहीं है।
आप अच्छी कंडीशन की पुरानी ई-रिक्शा
को हमारे माध्यम से उचित लोन लेकर
खरीद सकते हैं। कृपया संपर्क करें:
M/s Future Finvest
Company Private Limited
Mob: +91-9958082973, +91-9068222543
समझदार बनिए, पैसे बचाइए।
खूब चलाइये, खूब कमाइए।

## अमेठी में डंफर की चपेट में आने से बाइक सवार 2 युवकों की मौत

**अमेठी 5 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में अमेठी जिले के जगदीशपुर क्षेत्र में शनिवार को एक तेज रफ्तार डंफर की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मृत्यु हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के रानीगंज मार्ग पर मंगौली के पास एक अज्ञात डंफर ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिसमें बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान साहिल (20) और फैजान (15) के तौर पर की गयी है। दोनों युवक कस्बा जगदीशपुर से रानीगंज की तरफ जा रहे थे, तभी पीछे से आ रहे डंफर ने उन्हे टक्कर मार दी। टक्कर मारने वाला डंपर अयोध्या की तरफ भाग गया है जिसकी तलाश की जा रही है।

## पुंछ में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़

**जम्मू, 05 जुलाई (वार्ता)** सुरक्षा बलों ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया और हथियारों एवं गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया। आधिकारिक सूत्रों ने यहां कहा कि नियमित तलाशी के दौरान पुलिस और सेना की संयुक्त दल ने एक आतंकवादी ठिकाने का पता लगाया और भारी मात्रा में हथियार एवं गोलाबारूद बरामद किया। तलाशी दल ने एके राइफल की 14 गोलियां, पिस्तौल की छह गोलियां, तीन ग्रेनेड, पांच पेंसिल सेल, वायर कटर, मल्टी-डाटा केबल कनेक्टर, बहुउद्देश्यीय चाकू, लोहे की छड़ और एक पेंट बॉक्स बरामद किया।

## सड़क हादसे में छत्तीस अमरनाथ तीर्थयात्री घायल

**जम्मू, 05 जुलाई (वार्ता)** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में चंद्रकोट के निकट शनिवार को श्री अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए वाहनों के काफिले की चार बसों की आपस में टक्कर होने से कम से कम 36 तीर्थयात्री घायल हो गये। अधिकारियों ने बताया कि यह टक्कर तब हुई जब काफिले में शामिल बसों में से एक के चालक ने चंद्रकोट के निकट ब्रेक फेल होने से वाहन से नियंत्रण खो दिया। इस हादसे में कम से कम 36 लोग घायल हो गये। उन्होंने कहा कि पुलिस, अर्धसैनिक बल और स्थानीय लोगों के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सभी तीर्थयात्री सुरक्षित हैं। उन्हें मामूली चोटें आई हैं और उन्हें जल्द ही अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। रामबन के उपायुक्त इलियास खान ने अस्पताल का दौरा किया और घायल तीर्थयात्रियों की स्थिति की जानकारी ली। श्री खान ने यूनीवार्ता को बताया कि सभी तीर्थयात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। इस मामले में आगे की जांच चल रही है।

# 40 डीजे संचालकों को नोटिस जारी

**मुजफ्फरनगर, 5 जुलाई (बु.)।** कांवड़ यात्रा पर लगातार सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन सख्ती बरतता दिखाई दे रहा है। रोजाना सड़कों पर उतरकर आमजन को व कांवड़ियों को सुरक्षा का एहसास कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारी नियमित दिशा निर्देश दे रहे हैं, मगर अब डीजे कांवड़ पर अंकुश लगाने की तैयारी शुरू हो गयी है। ऐसे में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अंदर 40 डीजे संचालकों को नोटिस जारी कर हिदायत दी गयी है कि उनके डीजे का उपयोग नियमों के अनुसार ही हो सकेगा। मानकों की अनदेखी करने वालों को शहर के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया जायेगा, साथ ही साथ उनके डीजे पर जुर्माना कर सीज करने की कार्यवाही भी की जाएगी। आपको बता दें कि कांवड़ यात्रा के अंदर बड़े-बड़े डीजे अपने आपमें आकर्षण का केन्द्र बनते हैं और इन डीजों का जलवा देखने के लिए लाखों की भीड़ सड़कों पर उतरती है। प्रशासन द्वारा जिस तरह से डीजे संचालकों को नोटिस जारी किया गया है, उस हिसाब से माना जा रहा है कि जो बड़े-बड़े डीजे हैं, वह खुद ही कांवड़ यात्रा में उतरने से इंकार कर देंगे। आपको बता दें कि लगभग तीन दिन पहले ही कई बड़े डीजे संचालकों ने प्रशासन के तरह-तरह के उत्पीड़न से तंग आकर खुद ही कांवड़ यात्रा में न उतरने की घोषणा कर दी थी, इसमें सारजन, कसाना आदि डीजे ने साफतौर पर कहा था कि हमें ऐसी कांवड़ यात्रा में नहीं उतरना जहां जगह-जगह प्रतिबंध लगते हों। यूपी पुलिस के अलावा उत्तराखण्ड पुलिस ने भी बड़े डीजे के अंदर प्रवेश न करने के लिए ऊंचे बैरिकेटिंग लगा दिये हैं। दोनों प्रदेशों में डीजे पर कार्यवाही से परेशान होकर डीजे संचालक खुद ही निराश हो गए हैं और बड़े डीजे इस बार बामुश्किल ही कांवड़ यात्रा में उतरेंगे। प्रशासन



की मानें तो प्रशासन ने 600 सीसीटीवी कैमरे लगाकर इन डीजे व मार्गों की निगरानी के लिए कमर कस ली है।

### ये निर्धारित किये गए हैं डीजे कांवड़ के लिए नियम

**मुजफ्फरनगर।** कांवड़ यात्रा में डीजे के लिए कुछ निश्चित नियम और मानदंड हैं। डीजे की ऊंचाई 12 फीट से अधिक नहीं होनी चाहिए और चौड़ाई 16 फीट से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा, डीजे की आवाज 75 डेसीबल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। यात्रा के दौरान अश्लील या धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले गाने बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। जो भी इन नियमों का उल्लंघन करेगा, उसके डीजे को जब्त कर लिया जाएगा और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 2027 के चुनाव के लिए बनाए जा रहे थे अवैध हथियार, पुलिस ने छापामारी कर तीन आरोपियों को दबोचा

**मुजफ्फरनगर, 5 जुलाई (बु.)।** बुढ़ाना पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए सठेड़ी नहर पुलिया से विज्ञाना कट के जंगल से एक खंडहर में चल रही अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री को पकड़ा है। मौके से ही पुलिस ने अवैध हथियार बना रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पकड़े गए तीनों आरोपियों से भारी

### शाहरुख, गुफरान व जावेद को पुलिस ने पकड़ा, दिपांशु फरार

मात्रा में बने व अधबने हथियार बरामद किए हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान कर जेल भेज दिया है।

आपको बता दें कि लगभग दो से तीन माह के बीच मुजफ्फरनगर जनपद में कोई न कोई अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री पुलिस की पकड़ में आ ही जाती है, ऐसे में यह तय है कि अंदरखाने मुजफ्फरनगर में कोई न कोई बड़ी तैयारी बदमाशों द्वारा की जा रही है, जिनका भंड़ाफोड़ हो रहा है वे घटनाएं तो सामने आ रही हैं, मगर अभी कई घटनाएं सामने आनी बाकी हैं। शनिवार को पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता करते हुए एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि बुढ़ाना पुलिस को सूचना मिली थी कि सठेड़ी नहर पुलिया से विज्ञाना कट मेरठ करनाल हाईवे की ओर जाने वाले रास्ते पर जंगल में एक खंडहर में अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री चल रही थी। पुलिस ने सूचना पर मौके पर पहुंचकर छापामारी कर फैक्ट्री को चारों ओर से घेरकर अवैध हथियार और तीन आरोपियों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों में शाहरुख व गुफरान उर्फ पप्पू निवासी गांव पिठलौखर थाना सरधना मेरठ व जावेद निवासी गांव नंगला थाना रतनपुरी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उनका एक साथी दिपांशु निवासी गांव शेरगढ़ी मेरठ पुलिस के चंगुल से भाग जाने में सफल रहा। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों से 4 बंदूक, 15 बने तमंचे, 6 अधबने तमंचे, 1 पोनियां बंदूक, 9 नाल व 25 कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा अवैध हथियार बनाने के उपकरण भी बरामद किए गए हैं। एसएसपी ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी गुफरान पहले भी जेल जा चुका है। जावेद तीन महीने पहले ही जेल से छुटकर आया है। जबकि शाहरुख 2022 में दुबई से वापस आया था। वह दुबई में रहकर ड्राइवर की नौकरी करता था। ज्यादा पैसे कमाने के लालच में वह वापस आया और उसने जावेद व गुफरान के साथ मिलकर अवैध हथियारों का धंधा करने की योजना बनाई। आरोपियों का बताना है कि तीनों आरोपी किसी एक स्थान पर नहीं बल्कि अलग-अलग स्थानों पर उक्त अवैध हथियार बनाया करते थे। बुढ़ाना के विज्ञाना कट पर इन्होंनें एक माह पहले ही खंडहर को हथियार बनाने का ठिकाना बनाया था। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि फरार आरोपी दीपांशु अवैध हथियारों को बेचने का काम करता था।



उक्त हथियार 3 से 7 हजार रुपये की कीमत में बेचे जाते थे। यह गैंग मुजफ्फरनगर के अलावा नोएडा, गाजियाबाद, हरिद्वार, शामली, मेरठ और समेत अन्य जनपदों में असलाह सप्लाई करता था। आरोपियों के अनुसार अभी तक वे अवैध हथियार बेचकर दस लाख का मुनाफा कमा चुके हैं। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह आगामी चुनाव के लिए तमंचे बनाकर स्टाक तैयार कर रहे थे। एसएसपी ने गिरफ्तार करने वाली टीम को 20 हजार का इनाम देने की घोषणा की है।



## यशवीर महाराज की टीम के सदस्यों ने दिया नोटिस का जवाब

**मुजफ्फरनगर, 5 जुलाई (बु.)।** आपको बता दें कि नई मंडी कोतवाली पुलिस द्वारा पंडितजी शुद्ध वैष्णो भोजनालय के संचालक और कर्मचारियों की पहचान उजागर कराने के मामले में यशवीर महाराज के 6 सदस्यों को नोटिस जारी किया था। उक्त मामले में सभी कार्यकर्ताओं ने क्षमा याचना करते हुए नोटिस का जवाब दिया है। पुलिस उक्त सभी का मुचलका पाबंद करने की तैयारी में हैं, ताकि उक्त सभी लोग निकट भविष्य में इस तरह का कोई काम न करें। इस मामले में नई मण्डी पुलिस सुमित बजरंगी व राकेश निवासी दतियाना, विवेक निवासी आनन्दपुरी, रोहित निवासी उत्तरी रामपुरी, सुमित निवासी सुभाषनगर, सन्नी निवासी बचन सिंह कॉलोनी को नोटिस जारी किये थे। नई मंडी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दिनेशचंद्र बघेल ने बताया कि सभी कार्यकर्ताओं ने कोतवाली में उपस्थित होकर अपना जवाब देते हुए माफी मांगी है। सभी ने भविष्य में ऐसी गलती करने से इंकार किया है। पुलिस जवाब देने वाले कार्यकर्ताओं को मुचलका पाबंद की तैयारी कर रही है।

# झांसी:स्कूली बच्चों से भरी बस पलटी, 10 घायल

**झांसी 05 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में झांसी जनपद के मोंठ थानाक्षेत्र में शनिवार को स्कूली बच्चों से भरी एक बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से 10 बच्चे घायल हो गये जिनमें से गंभीर रूप से घायल सात बच्चों को इलाज के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज लाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसर मोंठ थाना क्षेत्र के सेमरी गांव में यह हादसा हुआ। बस मैथिलीशरण गुप्त विद्यापीठ विद्यालय चिरगांव की बतायी जा रही है जो बच्चों को लुधियाई करकोश गांव में छोड़ने जा रही थी। दुर्घटना के समय बस में 32 बच्चे सवार थे। बस जब सेमरी गांव के पास लुधियाई गांव के लिए बंबा के मोड़ पर मुड़ने लगी तभी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्ड में जा गिरी।

जनपद में तीन दिनों से हो रही बारिश के कारण सड़कों पर पानी भरने और फिसलन अधिक होने की समस्याओं से स्थानीय लोग लगातार जूझ रहे हैं और इसी क्रम में मोड़ पर स्कूली बस भी दुर्घटनाग्रस्त हुई। बस के पलटते ही बच्चों के बीच चीखपुकार मच गयी। लोगों ने पुलिस को इस बारे में जानकारी दी और बस से बच्चों को निकालने के काम में जुट गये। जानकारी मिलते ही मोंठ थाना पुलिस तेजी से मौके पर पहुंची और घायल बच्चों को मोंठ ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। वहां से गंभीर रूप से घायल बच्चों को इलाज के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही एडीएम प्रशासन वरूण पाण्डेय, एसडीएम अवनीश तिवारी और सीओ भी मौके पर पहुंचे। एडीएम प्रशासन ने दुर्घटना की जांच के आदेश दिये हैं और मामले में विद्यालय प्रशासन की लापरवाही तथा बस की फिटनेस जांच कराये जाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही। बताया जा रहा है कि अचानक स्टेयरिंग फेल हो जाने से चालक का बस से नियंत्रण खो गया और बस असंतुलित होकर सड़क किनारे खड्ड में जा गिरी। हादसे को लेकर ग्रामीणों में विद्यालय प्रबंधन और प्रशासन को लेकर जबरदस्त आक्रोश है। बस दुर्घटना में घायल बच्चों के झांसी मेडिकल कॉलेज पहुंचते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बीबीजीटीएस मूर्ति ने पहुंचकर बच्चों के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली और अभिभावकों से बात की। उन्होंने बताया कि सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं और मेडिकल कॉलेज में सभी बेहतर उपचार दिया जा रहा है। सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर मामले की जांच करायी जायेगी।

## ग्यारह लाख की लूट के मामले में पचास हजार का इनामी बदमाश रिमाण्ड पर

**मुजफ्फरनगर, 5 जुलाई (बु.)।** 18 अप्रैल को नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के भोपा रोड पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने भूसा कारोबारी से 11 लाख लूट लिये थे। जब व्यापारी प्रवीण ने विरोध किया तो बदमाश हवाई फायरिंग करते हुए भाग गए थे। कई दिन तक पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की थी मगर इस बात का पता नहीं चल पाया था कि बदमाश एकाएक कहां चले गए। बड़ी मशक्कत के बाद पुलिस जांच में लूट करने वाले बदमाश अरविन्द निवासी ब्रह्मपुरी थाना दौराला, रवि निवासी भगवानपुरी थाना दौराना व सन्नी निवासी रविदासपुरी के नाम सामने आए थे। पुलिस ने इस मामले में अरविन्द व रवि पर पचास पचास हजार रुपये तथा सन्नी पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था। नई मण्डी कोतवाली पुलिस ने इस मामले में 18 मई को 25 हजार के इनामी सन्नी को गिरफ्तार कर लिया था तथा एक महीने पहले पचास हजार के इनामी अरविन्द को दिल्ली पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था, तभी से वह रोहिणी जेल में बंद है। पुलिस ने दिल्ली जेल में बंद इनामी बदमाश अरविन्द को 12 घंटे की पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया जिससे उसकी निशानदेही पर 17.5 हजार रुपये की नकदी, एक मैगजीन, चार कारतूस व 32 बोर का पिस्टल बरामद किया। इस मामले में अभी एक पचास हजार रुपये का इनामी बदमाश रवि फरार चल रहा है।

S.S.K. PUBLIC SCHOOL
(A Senior Secondary School)
(Affiliated to C.B.S.E., Delhi)
4th Km. Roorkee Road, Muzaffarnagar
E-mail : sskpublic@gmail.com, Mob. 9412212246
REQUIRES
Academic Head :
Having experience of any reputed C.B.S.E. Affiliated School.
P.G.T's : English, Physics, Chemistry, Bio., B.St., Hindi., Accountancy, Physical Education
T.G.T's : English, S.St., Maths, Science.
P.R.T's : All Subjects, Trained Nursery Teachers.
आवश्यकता है चपरासी, सफाई कर्मचारी और ड्राइवर की ।
E-mail C.V. and attend Interview on any working day between 9:00 A.M. to 12:00 Noon
Admissions Open - Nursery to IX & XI

## स्क्रैप कारोबारी आदिल खान के खिलाफ रिपोर्ट, राज ट्रेडिंग के नाम से चला रखी थी फर्म

**मुजफ्फरनगर, 5 जुलाई (बु.)।** राज्यकर अधिकारी राजेन्द्र शर्मा ने खालापार थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई और बताया कि खालापार निवासी आदिल खान मक्कीनगर के पते पर सर्वश्री राज ट्रेडिंग के नाम से फर्म चला रहा था। राज ट्रेडिंग के नाम से ही फर्म का पंजीकरण कराया हुआ है। आरोपी ने फर्म में वैस्ट एवं स्क्रैप की खरीद फरोख्त का कारोबार दिखाया था। 17 अक्टूबर 2024 को जांच अधिकारियों ने जब व्यापार स्थल का निरीक्षण किया तो फर्म अस्तित्वविहीन पाई गयी। जांच में पाया गया कि तथाकथित फर्म सर्वश्री इनोवेशन रिसाइक्लिंग कम्पनी स्वामी शाकिर निवासी बुढ़ाना की ओर से वास्तव में किसी माल की कोई खरीद नहीं की गयी सिर्फ कर चोरी के उद्देश्य से केवल खरीद के बिल प्राप्त करते हुए बोगस आईटीसी अर्जित किया जाना प्रदर्शित करते हुए व्यापारियों को अग्रेत्तर के बिना किसी माल के मूमेंट के बिक्री प्रदर्शित करते हुए आईटीसी पास ऑन की गयी।आरोपी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में क्लेमड आईटीसी 82.23 लाख व वित्तीय वर्ष 2024-25 में 279.96 लाख की फर्जी बोगस फर्मों से कलेम्ड आईटीसी को अपनी बोगस आउटवर्ड सप्लाई के सापेक्ष समायोजित किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक महावीर सिंह चौहान ने कहा कि मामले की जांच शुरू कर दी गयी है।

आदर्श महिला मर्केन्टाइल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड
AMMCO BANK
27A/1, New Mandi Muzaffarnagar, U.P. 251001
ई-नीलामी बिक्री सूचना

ई-नीलामी बिक्री सूचना भारतीय वित्तीय संपत्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु एवं सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) की उपवधि तथा नियम 9(1) के साथ पठनीय

सार्वजनिक रूप से एवं विशेष रूप से संबंधित ऋणकर्ता, सह-ऋणकर्ता, बंधककर्ता एवं गारंटर को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जिसे **आदर्श महिला मर्केटाइल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड,** के पक्ष में बंधक / गिरवी रखी गई थी, और जिसका सांकेतिक/भौतिक कब्जा बैंक के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, उसे **"जैसी है जहां है" और "जो है वही है" बिना किसी पुनरावृत्ति के** आधार पर बेचा जाएगा।

**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 11.08.2025, शाम 5:00 बजे तक**
**ई-नीलामी की तिथि एवं समय: 12.08.2025, सुबह 10:00 बजे से दोपहर 4:00 बजे तक**

| क्र.सं. | ऋणकर्ता/गारंटर का नाम व पता | अचल संपत्ति का विवरण | कुल बकाया राशि / खाता विवरण | आरक्षित मूल्य / अर्नेस्ट मनी (EMD) | निरीक्षण तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | i) **श्रीमती इंदु रानी** पत्नी श्री प्रदीप कुमार **(उधारकर्ता)** निवासी 402, गली नंबर 3, मिमलाना रोड, गणेश पुरी, रामलीला टिल्ला, मुजफ्फरनगर। ii) **श्री प्रदीप कुमार** पुत्र श्री राजेंद्र कुमार निवासी 402, रामलीला टिल्ला, मुजफ्फरनगर **(गारंटर)**। iii) **सय्यदा** पत्नी बाबूदीन निवासी 436, केवलपुरी, मुजफ्फरनगर **(गारंटर)**। | एक आवासीय भूखंड और भवन, खसरा संख्या 1454/2, स्थित लेन नंबर 2, मोहल्ला रामलीला टिल्ला, शाहबुद्दीनपुर, मुजफ्फरनगर, तहसील परगना सदर, जिला मुजफ्फरनगर, जो श्री प्रदीप कुमार (पुत्र श्री राजेंद्र कुमार) के स्वामित्व में है, जिसका क्षेत्रफल 95.42 वर्ग मीटर है। **सीमाएँ: पूर्व :** श्री मोनी की संपत्ति **पश्चिम :** श्री ऋषिपाल की संपत्ति **उत्तर :** बालू की संपत्ति **दक्षिण :** 12 फुट चौड़ी सड़क। | ₹ 5,06,464 + 01.09.2024 से ब्याज + कानूनी/अन्य व्यय | ₹ 13,94,000 /- | 08.08.2025, सुबह 10 से शाम 5 बजे |
| | | | **ऋण खाता संख्या:** 012200004001 **प्रतीकात्मक कब्ज़े की तिथि:-** 21.02.2025 | ₹ 1,39,400/- | |
| 2. | i) **श्री मनीष कुमार** पुत्र श्री ओमप्रकाश **(उधारकर्ता)** निवासी 249, खुब्बीपुरा, कृष्णापुरी, मुजफ्फरनगर। ii) **श्रीमती गीता** पत्नी श्री मनीष कश्यप **(सह-उधारकर्ता)** निवासी 249, कृष्णापुरी, खदरवाला मंदिर के पास, मुजफ्फरनगर। iii) **श्री शुभम कुमार** पुत्र श्री श्रीपाल निवासी 24/55, कल्याणपुरी, मुजफ्फरनगर **(गारंटर)**। iv) **श्री विनोद कुमार** पुत्र सुरेंद्र कुमार निवासी 251, कृष्णापुरी, मुजफ्फरनगर **(गारंटर)**। | एक पश्चिममुखी आवासीय भवन, भाग संख्या 249/1, स्थित मोहल्ला कृष्णापुरी, मुजफ्फरनगर, जो श्री मनीष कुमार के स्वामित्व में है। खसरा संख्या 2464, क्षेत्रफल 47.28 वर्ग गज (39.53 वर्ग मीटर)। **सीमाएँ: पूर्व:** सुंदर लाल का घर **पश्चिम:** 10 फुट चौड़ी सड़क **उत्तर:** ब्रह्मानंद का घर **दक्षिण:** श्री रोशन लाल का घर। | ₹ 4,62,907 + 01.10.2024 से ब्याज + कानूनी/अन्य व्यय | ₹ 12,98,000/- | 08.08.2025, सुबह 10 से शाम 5 बजे |
| | | | **ऋण खाता संख्या:** 022200004801 **प्रतीकात्मक कब्ज़े की तिथि :-** 19.02.2025 | ₹ 1,29,800/- | |
| 3. | i) **श्री गौरव कुमार पुत्र श्री रोशन लाल (उधारकर्ता)** निवासी 60/1, सरवट रोड, मल्लूपुरा, मुज़फ्फरनगर। ii) **श्री रोशन लाल पुत्र श्री राम रखमल (सह-उधारकर्ता)** निवासी 60/1, सरवट रोड, मल्लूपुरा, मुज़फ्फरनगर। iii) **श्री मदन लाल पुत्र श्री छोटे लाल (गारंटर)** निवासी 197, सरवट रोड, मल्लूपुरा, मुज़फ्फरनगर। | **व्यावसायिक दुकान** जो मकान संख्या 187 का एक भाग है, क्षेत्रफल 7.75 वर्ग गज, मोहल्ला मल्लूपुरा, मुज़फ्फरनगर में स्थित है। यह संपत्ति बिक्री विलेख संख्या 7274 दिनांक 27.10.1989, बही संख्या 1, जिल्द संख्या 3288, पृष्ठ 376 से 377 तक पंजीकृत है। उक्त संपत्ति श्री रोशन लाल पुत्र स्वर्गीय श्री राम रखा के स्वामित्व में है। **सीमाएँ: पूर्व:** पवन गोयल का प्लॉट **पश्चिम:** सड़क - कच्ची सड़क **उत्तर:** प्रमोद कुमार की दुकान **दक्षिण:** कल्लो की दुकान | ₹ 2,67,424.12 + 01.02.2025 से ब्याज + कानूनी/अन्य व्यय | ₹ 11,37,000/- | 08.08.2025, सुबह 10 से शाम 5 बजे |
| | | | **ऋण खाता संख्या:** 052200001101 **प्रतीकात्मक कब्ज़े की तिथि :-** 10.06.2025 | ₹ 1,13,700/- | |

बिक्री की विस्तृत शर्तें एवं नियम बैंक की वेबसाइट https://ammcobank.com/ पर "E-Auction" लिंक में उपलब्ध हैं अथवा संपर्क करें **बैंक अधिकृत अधिकारी:** 9690012433, 9690012432 headoffice@ammcobank.com **ई-नीलामी सेवा प्रदाता:** PSB Alliance (BAANKNET) +91 8291220220 support.BAANKNET@psballiance.com .

**तिथि: 05.07.2025** **स्थान: मुजफ्फरनगर** **प्राधिकृत अधिकारी**
**आदर्श महिला मर्केटाइल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड**

# मसूद अजहर पाकिस्तान में मौजूद नहीं : बिलावल

**नयी दिल्ली, 05 जुलाई (वार्ता)** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने दावा किया है कि पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र की ओर से घोषित आतंकवादी मसूद अजहर के ठिकाने के बारे में कोई जानकारी नहीं है। श्री भुट्टो ने कहा कि भारत अगर पाकिस्तान में अजहर की मौजूदगी के बारे में जानकारी देता है तो पाकिस्तान उसे गिरफ्तार करने में 'खुशी' महसूस करेगा। उन्होंने अल जजीरा न्यूज चैनल को दिये साक्षात्कार में कहा कि हाफिज सईद पाकिस्तान में एक स्वतंत्र व्यक्ति नहीं है और मसूद अजहर अफगानिस्तान में हो सकता है। गौरतलब है कि श्री भटुटो की पार्टी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) देश में सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा है और मसूद अजहर भारत के सबसे वांछित आतंकवादियों में से एक है। अजहर ने 2001 के संसद हमले, 26/11 मुंबई हमलों, 2016 पठानकोट हमले और 2019 के पुलवामा हमले में प्रमुख भूमिका निभाई थी। मसूद अजहर को 1267 संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध समिति के तहत 2019 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक आतंकवादी घोषित किया गया था। उल्लेखनीय है कि भारत मसूद अजहर और लश्कर-ए-तैयबा प्रमुख हाफिज सईद को सौंपने की लगातार मांग करता रहा है लेकिन पाकिस्तान इन दोनों के वहां सक्रिय होने के सबूतों के बावजूद वहां इनकी मौजूदगी से इनकार कर रहा है। वर्ष 1999 में कंधार विमान अपहरण के बाद आईसी-814 के यात्रियों को छोड़ने के बदले अजहर को रिहा किया गया था।

# बीस साल बाद एक साथ नजर आए उद्धव और राज ठाकरे

**मुंबई,05 जुलाई (वार्ता)** महाराष्ट्र में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम के तहत करीब दो दशक बाद चचेरे भाई उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे करीब 20 साल बाद महाराष्ट्र और मराठी-मानुष के मुद्दे पर शविवार को मंच पर नजर आये। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत महायुति और विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के नेता ठाकर बंधुओं के मिलन को बहुत उत्सुकता से देख रहे हैं। इस ऐतिहासिक मिलन से महाराष्ट्र की राजनीति में बड़े बदलाव की



अटकलें लगाई जा रही हैं। श्री उद्धव ठाकरे शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे)पार्टी के प्रमुख हैं और उनकी पार्टी एमवीए की सहयोगी है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के संस्थापक अध्यक्ष राज ठाकरे फिलहाल किसी गठबंधन में शामिल नहीं हैं। श्री राज ठाकरे ने श्री उद्धव से मतभेद के बाद वर्ष 2005 में श्री बालासाहेब ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना से बाहर हो गए थे और वर्ष 2006 में उन्होंने मनसे का गठन किया था। वर्ष 2026 में शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की 100वीं जयंती और शिवसेना का 60वां स्थापना वर्ष होगा। श्री बालासाहेब ठाकरे 23 जनवरी 1926 को शिव सेना का गठन किया था। विभाजन के कारण यह पार्टी दोराहे पर खड़ी है, जो कभी राज्य की राजनीति में एक प्रमुख स्थान रखती थी। महाराष्ट्र में 25 साल से अधिक समय से गठबंधन की राजनीति चलन में रही है।

## माइक्रोसॉफ्ट का पाकिस्तान को बाय-बाय

**इस्लामाबाद, 05 जुलाई (वार्ता)** पाकिस्तान के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र को आघात पहुंचाने वाले घटनाक्रम के तहत दुनिया की दिग्गज आईटी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने देश में अपना 25 साल पुराना परिचालन बंद कर दिया है। माइक्रोसॉफ्ट के खामोशी के साथ उठाये गये इस कदम की जानकारी पाकिस्तान में माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक प्रबंधक जवाद रहमान ने अपने एक लिंक्डइन पोस्ट में दी। श्री रहमान ने पाकिस्तान में माइक्रोसॉफ्ट को स्थापित करने में बड़ी भूमिका निभायी थी। उन्होंने पाकिस्तान में मौजूदा की स्थितियों में व्यवसायों के सामने आ रही चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला है। माइक्रोसॉफ्ट ने वर्ष 2000 में पाकिस्तान में परिचालन शुरू किया था, जिसकी शुरुआत डिजिटल परिवर्तन और तकनीक-अनुकूल सहयोग की महत्वाकांक्षाओं के साथ हुई थी। इससे पहले कंपनी ने इसी सप्ताह पाकिस्तान में अपने 9,000 कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा की थी।

S.D. GROUP OF COLLEGES
(Under the Aegis of SANATAN DHARM COLLEGE ASSOCIATION)
[Affiliated to Dr. APJ Abdul Kalam Tech. Univ, Lucknow (Formerly UPTU) & CCS University, Meerut, Maa Shakumbhari University, Saharanpur & Approved by AICTE, PCI, BCI, MHRD, New Delhi ]
Register Now! for 2025-26
S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES
MBA MCA BFA B.Sc(Comp. Sc.)
BBA BCA D.El.Ed. (BTC)
8937095004/06/07/08/14
S.D. COLLEGE OF COMMERCE
M.COM M.Sc(Food & Nutrition) B.Sc(Micro. Bio)
B.COM B.Sc(Home Sc.) B.A. B.Sc(PCMBZ)
8937095005/ 13
S.D. COLLEGE OF PHARMACY & VOCATIONAL STUDIES
*NBA ACCREDITED*
M.PHARM B.PHARM D.PHARM
8937095011/ 27
S.D. COLLEGE OF LAW
B.A.; LL.B. B.COM.; LL.B. LL.B.
9837556545 / 9897259855 / 9927275998
Our Partners
BAJAJ FINSERV
ICWAI
UNNAT BHARAT ABHIYAN
रा.इ.सू.प्रौ.सं NIELIT
NCC / Rover Ranger / Unnat Bharat Abhiyan
REGISTER ONLINE @ www.sdgroupofcolleges.edu.in
आपके अपने शहर मुजफ्फरनगर का पहला रेडियो स्टेशन
RADIO SD 90.8 FM
Campus: Bhopa Road, Muzaffarnagar
Mob.- 8937095012